श्री सिद्धि विनायक
हार्ट केयर
अब नियमित सेवाएं मंदसौर में उपलब्ध
हृदय रोगों के उपचार में अंचल का जाना पहचाना नाम
हृदय रोग विशेषज्ञ

डॉ. पवन मेहता
MBBS, M.D. (Medicine) I DM (Cardiology)
Consultant Interventional Cardiology
परामर्श समय -
प्रतिदिन प्रातः 10:00 से सायं 5:00 बजे तक
12, दशपुर कुंज रोड, सिविल हॉस्पिटल के सामने, मंदसौर (म. प्र.) 07422-490333

डाक पंजीयन क्र. L/ RNP/म.प्र./ मन्दसौर/122/ 2024- 26
ई-पेपर www.guruexpress.live

बात आपकी, शब्द हमारे

# गुरु एक्सप्रेस

सुबह का अख़बार

संपादक – आशुतोष नवाल

वर्ष 18 | अंक 257 | पृष्ठ 4 | मन्दसौर | सोमवार 01 जुलाई 2024 | मूल्य 2 रुपया

आवश्यकता है
दैनिक गुरु एक्सप्रेस
कार्यालय में ऑफिस बॉय की आवश्यकता है।
वेतन योग्यता अनुसार
संपर्क
संपर्क समय- शाम 4 से 6 बजे तक
कार्यालय दैनिक गुरु एक्सप्रेस
9425105928. 8319964648

## प्रहरी का प्रभारी ढूंढना होगी चुनौती




### कई शिक्षक ही जर्दे, सिगरेट और गुटखा प्रेमी

**मंदसौर, 30 जून गुरु एक्सप्रेस।** शहर सहित मध्यप्रदेश के सरकारी स्कूलों में विद्यार्थियों को नशे से दूर रखने के लिए प्रहरी क्लब बनाया जाएगा। इसके लिए स्कूल शिक्षा विभाग ने कार्य योजना बना ली है। जिला शिक्षाधिकारी को निर्देश भी डीपीआई ने जारी कर दिए है। लेकिन, तनाव यह है कि वरिष्ठ शिक्षक हो या युवा शिक्षक, अधिकांश ज्यादा नहीं तो जर्दे या गुटखे अथवा बिड़ी-सिगरेट या सुपारी के शौकीन जरुर है। निर्देशानुसार प्रहरी क्लब का प्रभारी बनाय जाने वाला शिक्षक जर्दे या गुटखे का आदी नहीं होना चाहिए। महिला शिक्षक अगर स्कूल में नहीं है तो कई स्कूलों में प्रहरी का प्रभारी ढूंढने में मशक्कत करना पड़ सकती है।

बच्चों को नशे से दूर रखने के लिए प्रहरी क्लब बनाने की योजना स्कूलों में तैयार हो चुकी है। अब छठवीं से 12वीं तक के विद्यार्थियों को नशे से दूर करने, जागरूक करने के लिए प्रहरियों की मदद ली जाएगी। लोक शिक्षण संचालनालय (डीपीआइ) ने प्रदेश के सभी जिला शिक्षा अधिकारियों को दिशा-निर्देश जारी किया है। स्कूलों में छठवीं से 12वीं तक के बच्चों में नशीली दवाओं के सेवन और तस्करी की रोकथाम के लिए प्रहरी क्लब का गठन किया जाएगा। इस क्लब के सदस्य विद्यार्थियों को तंबाकू व अन्य प्रकार के नशीले पदार्थों से होने वाले नुकसान के प्रति जागरुक करेंगे। यह क्लब स्कूली बच्चों और अभिभावकों के सहयोग से चलाया जाएगा।

क्लब के सदस्य इस बात का ध्यान रखेंगे कि किसी प्रकार के नशे की दुकानें शिक्षण संस्थान से 100 मीटर के दायरे में न हो। प्रहरी क्लब के सदस्य निगरानी करेंगे कि विद्यालय के विद्यार्थी शराब, पान मसाला, गुटखा, बीड़ी और सिगरेट की लत से बचे रहें। डीपीआइ ने स्कूलों को निर्देश दिए हैं कि प्रहरी क्लब के नोडल या प्रभारी शिक्षकों का डाटा राष्ट्रीय बाल अधिकार आयोग के पोर्टल पर एक सप्ताह में दर्ज करना होगा।

### यह है निर्देश...

✻ प्रहरी क्लब में एक शिक्षक प्रभारी रहेगा। यह ध्यान रखा जाये की वे शिक्षक सभी प्रकार के नशे से दूर हो। ✻ प्रहरी क्लब में प्रत्येक कक्षा के चयनित छात्रों को शामिल किया जाये। छात्रों के क्लब में जागरूक अभिभावकों को भी शामिल किया जाये। ✻ क्लब की न्यूनतम सदस्य संख्या 20 तक रखी जाये। ✻ प्रहरी क्लब को बच्चों और अभिभावकों के सहयोग से चलाया जायेगा। ✻ क्लब ध्यान रखेगा कि विद्यालय के 100 मीटर तक के दायरे में मादक पदार्थ न पहुंचे। ✻ प्रहरी क्लब के सदस्य निगरानी रखेंगे कि विद्यालय के छात्र शराब, पान मसाला, गुटखा, बीड़ी सिगरेट आदि की लत से बचे रहें।

## विद्युत कंपनी के आउटसोर्स कर्मचारी का वेतन घटाया, नौकरी का भी खतरा?

**मंदसौर, 30 जून गुरु एक्सप्रेस।** मध्य प्रदेश पश्चिम क्षेत्र विद्युत कंपनी के मंदसौर जिले मे कार्यरत आउटसोर्स के 1100 कर्मचारियों का वेतन पिछले माह दो हजार रुपए बढ़ाकर दिया गया वेतन भी नियोक्ता ने इस माह के वेतन से काट लिया है। अब कंपनी में चर्चा है कि पुराने कर्मचारी अधिकारों की मांग करने लगे हैं। इसलिए नए सिरे से नए ठेके के साथ नए कर्मचारी भर्ती करने की तैयारी भी चल रही है।



दस हजार 239 रुपए प्रति माह के वेतन पर मंदसौर विद्युत कंपनी में 1100 कर्मचारी कार्यरत हैं। उनके नियोक्ता डिजिटल वेव कंपनी है। बीते समय में विद्युत लाइनों पर खतरा उठाते हुए काम करने वालों कर्मचारियों की मांग पर कंपनी ने प्रति माह 02 हजार रुपए वेतन बढ़ाया था। सिर्फ एक माह ही ये वेतन जोड़कर दिया गया। उसके अगले महीने ही कंपनी ने निर्धारित वेतन में से बढ़ाया हुआ 02 हजार रुपया काटकर वेतन दिया था। दैनिक वेतन भोगी इन कर्मचारियों को तकनीकी कारण बताकर फिर से वेतन घटा दिया गया है। उल्लेखनीय है कि इन कर्मचारियों को मात्र 26 दिन का वेतन दिया जाकर चार साप्ताहिक अवकाश का वेतन काट लिया जाता है।

कर्मचारी सूत्रों का कहना है की साप्ताहिक अवकाश देना बताया जाता है पर उस दिन का वेतन काट लिया जाता है। इसलिए इसे अवकाश नहीं माना जा सकता है। यह भी बताया कि कई लाइनों पर दुर्घटना हो जाने पर नाम मात्र का मुआवजा दिया जाता है। बीते दिनों एक समझौते के तहत प्रतिमाह वेतन दो हजार बढ़ाया गया था। जिसे वेतन में जोड़कर सिर्फ एक महीने दिए गए और अगले महीने के वेतन से फिर काट लिए गए।

वर्तमान में काम कर रहे कर्मचारियो का कहना है कि वरिष्ठ अधिकारियों से फिर वेतन बढ़ाने की मांग की है, तब से हमें बताया जा रहा है कि कंपनी का कार्यकाल समाप्त होने जा रहा है। अत: नई कंपनी का ठेका हुआ तो हम सभी कर्मचारी बेरोजगार हो जाएंगे।

इस मामले में अधीक्षण यंत्री आर सी जैन से चर्चा करना चाही, पर उनका फोन आउट ऑफ रेंज आता रहा। ठेकेदार कंपनी के प्रभारी बूंदीवाल ने बताया कि वेतन फिर से कम श्रम विभाग के निर्देश पर किया गया हैं। ठेका कार्यकाल समाप्त होने पर नए सिरे से अनुबंध होगा। इन्हीं कर्मचारियों को नई कंपनी भी रख सकती है।

## वीरान पड़ी बागेश्वर धाम वाले खेजड़िया की पुलिस चौकी हुई शुरु

### खेजड़िया में पुलिस चौकी को पुन: स्थापित करने की मांग को लेकर मुखर हो रही थी जनता




**मंदसौर, 30 जून गुरु एक्सप्रेस।** खेजड़िया में पुलिस चौकी पुन: स्थापना की ग्रामवासियो की मांग को देखते हुए मंदसौर पुलिस कप्तान श्री अनुराग सुजानिया और थाना प्रभारी सीतामऊने चौकी पर जवान तैनात करना शुरू कर दिया हैं। खेजड़िया व आस-पास के ग्रामीणों द्वारा दैनिक गुरु एक्सप्रेस को दी गई खबर का असर भी हुआ है।

जिले के सीतामऊथाना क्षेत्र के खेजड़िया में पुलिस चौकी सुरक्षा की दृष्टि से स्थापित थी। परन्तु, आचार सहिंता, लोकसभा निर्वाचन 2024 में पुलिस बल की आवश्यता को देखते हुये आचार संहिता के वक्त पुलिस बल को मंदसौर लगा दिया था। अब लोकसभा निर्वाचन हुये चुनाव खत्म हुये परिणामो के लगभग एक माह होने को आया था, इसके बाद भी पुलिस चौकी खेजड़िया पुन: स्थापित नही हो पाई थी। प्रभार नही मिला था, खेजड़िया ओर आस- पास गांव के ग्रामीणों ने बताया चुनाव के पहले हमारे यहां पुलिस चौकी को हटाया गया। जिसे दो माह से भी ऊपर हो गये थे। पुलिस चौकी को हम सबकी तरफ से लगातार प्रयास भी किये जा रहे थे, पर कई दिन बीतने के बाद जनता हो गई थी मुखर। इधर कंजरो का मूमेंट भी रहता था। कुछ दिन पहले खेजड़िया बालाजी मंदिर के पीछे अज्ञात व्यक्ति द्वारा सड़क पर जा रहे राहगीरों पर व खेजड़िया के एक व्यक्ति पर भी पत्थर बरसाये गये थे।

इस खबर को गुरु एक्सप्रेस द्वारा प्रमुखता से उठाया गया था। इसको देखते हुये पुलिस जवानो को पुन: खेजड़िया चौकी पर तैनात करना पड़ा। जैसे ही पुलिस चौकी पर जवानो को प्रभार मिला। ग्रामीणजनों को सुरक्षा मिली तो खुशी की लहर फैल गई। ग्रामीणजनों ने पुलिस कप्तान श्री अनुराग सुजानिया व थाना प्रभारी सीतामऊमोहन मालवीय का आभार माना।

## मौसम की मार, अस्पतालों में बढ़ी मरीजों की संख्या

### रक्तचाप की कमी से पेटदर्द, दस्त और खासी के मरीज बढ़े



**मंदसौर, 30 जून गुरु एक्सप्रेस।** मौसम की मार के चलते मरीजों की संख्या में हुई बढ़ोतरी के मुकाबले सरकारी इंतजामात नाकाफी नजर आ रहे हैं। सरकारी के साथ निजी अस्पतालों में मरीजों की संख्या बढ़ी है। सर्वाधिक संख्या 03 साल से 15 साल तक के बच्चों की देखने को मिल रही है। सामान्य दिनो की अपेक्षा सरकारी अस्पतालों की ओपीडी में कहीं ज्यादा मरीज आ रहे हैं। निजी अस्पतालों के भी यही हालात है।

बड़े अस्पताल की तो हालत यह है कि सुबह की ओपीडी के दौरान पर्चा बनवाने से लेकर चिकित्सकों को दिखाने और जांच कराने तक के लिए लंबी लाइन लग रही हैं। ओपीडी में डिहाइड्रेशन से लेकर उल्टी, सिरदर्द, तेज बुखार, पेट दर्द, डायरिया के मरीजों की संख्या लगातार बढ़ रही है। डॉक्टरों के मुताबिक मौसम में बदलाव के चलते कभी तेज गर्मी तो कभी हल्की बूंदाबांदी से हो रही उमस के कारण शरीर में इलेक्ट्रोलाइट के असंतुलित होने पर दस्त लगने और रक्तचाप कम होने की समस्या मरीजों में देखने को मिल रही है। पेट दर्द, दस्त, खांसी के मरीजों की संख्या बढ़ी है।

गले के दर्द को ठीक करने के लिए हल्के गर्म पानी में शहद और नमक डालकर पीने से भी इससे होने वाले वायरल संक्रमण से बचाव हो सकता है। शरीर को हाइड्रेट रखने के लिए पर्याप्त मात्रा में पानी पीए। चिकित्सकों ने सलाह देते हुए कहा कि लोगों को इस समय गर्म पानी और आरओ का पानी पीना चाहिए। बाहर का खाना नहीं खाना है। ठंडा पानी नहीं पीना है। बरसात में भीगना नहीं है। फूल बांह के कपड़े पहनने है, वहीं मच्छरों वाली जगह से दूर रहना है। वायरल फीवर में शरीर को ज्यादा से ज्यादा आराम दें।

### उमस बरकरार, छाए रहे बादल...

फिलहाल बारिश का इंतजार करना पड़ रहा है। लोगो को भरपूर बारिश की उम्मीद है। लेकिन, मौसम विभाग के अनुसार भरपूर बारिश के लिए अगले 2-3 दिन अभी और इंतजार करना पड़ेगा।

रविवार सुबह बादल जरुर छाए रहे। लेकिन, बारिश नहीं हुई। दोपहर में गर्मी और उमस का काफी असर महसूस किया गया। साइक्लोनिक सर्कुलेशन, टर्फ लाइन और वेस्टर्न डिस्टर्बेंस के साथ बारिश का स्ट्रांग सिस्टम एक्टिव है। जिसके चलते जिले में अलग-अलग स्थान पर बारिश का दौर जारी है। सोमवार को भी जिले में बारिश के आसार है। अगले तीन चार दिन ऐसा ही मौसम रहेगा। बादल छाए रहने और बारिश के चलते तापमान में गिरावट का दौर बना हुआ है। जिले में अधिकतम तापमान 33 डिग्री व न्यूनतम तापमान 24 डिग्री के आसपास बना हुआ है। मौसम विभाग, भोपाल के वैज्ञानिक अरुण शर्मा ने बताया कि प्रदेश में 3 साइक्लोनिक सर्कुलेशन एक्टिव हैं। बंगाल की खाडी से नमी आ रही है। वहीं, ट्रफ लाइन भी गुजर रही है। इस कारण पूरे प्रदेश में बारिश का स्ट्रॉन्ग सिस्टम बना हुआ है। उत्तर और पूर्वी हिस्सों में इसका असर ज्यादा है। भरपूर बारिश के लिए अभी 1-2 दिन और इंतजार करना पड़ सकता है।



## केदारनाथ में बाल-बाल बचे लोग, हिमस्खलन से मचा हाहाकार, नहीं हुआ नुकसान

**देहरादून, 30 जून।** उत्तराखंड में चार धाम यात्रा शुरू होने के बाद से भक्तों का सैलाब उमड़ा हुआ है। भोलेनाथ के भक्त लगातार केदारनाथ का रुख करते नजर आ रहे हैं। बड़ी संख्या में भक्तों की भीड़ हर रोज केदारनाथ पहुंच रही है, मगर इसी बीच एक बड़ा हादसा होते-होते रह गया। मंदिर के ठीक सामने वाले पहाड़ पर अचानक से हिमस्खलन हो गया। इसे देखने के बाद मंदिर के आसपास खड़े लोगों में भी हाहाकार मच गया।

केदारनाथ में हुए इस हिमस्खलन का वीडियो सामने आया है। वीडियो में साफ देखा जा सकता है कि मंदिर के पीछे वाले पहाड़ पर अचानक हिमस्खलन होता है। वहीं हिमस्खलन में टूटी हुई बर्फ तेज रफ्तार से नीचे की तरफ आ रही है। इस नजारे को देखकर कई लोगों के होश उड़ गए। हालांकि मंदिर के पीछे बने गांधी सरोवर के कारण हिमस्खलन वहीं रुक गया और आगे नहीं बढ़ सका। इससे मंदिर परिसर में मौजूद हजारों लोगों की जान बच गई। वहीं केदारनाथ मंदिर को भी कोई नुकसान नहीं हुआ। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, इस हादसे में कोई जान-माल की हानि नहीं हुई है और मंदिर भी पूरी तरह से सुरक्षित है।

### 2013 की त्रासदी आई याद...

बता दें कि यह पहली बार नहीं है कि जब केदारनाथ पर आपदा के बादल मंडराए हों। इससे पहले भी केदारनाथ में प्राकृतिक आपदाएं आ चुकी हैं। साल 2013 की त्रासदी इसका सटीक उदाहरण है। केदारनाथ मंदिर से कई किलोमीटर की उंचाई पर बसी चोराबाड़ी झील पर बादल फटने की वजह से मंदाकिनी नदी उफान पर आ गई थी। इस आपदा में कई लोगों की जान चली गई और हजारों की संख्या में लोग घायल हुए थे।

### मई में खुले थे चारधाम यात्रा के कपाट...

बता दें कि 10 मई से चारधाम यात्रा की शुरुआत हुई थी। अक्षय तृतीया के मौके पर गंगोत्री, यमुनोत्री और केदारनाथ के कपाट खुले थे।

### राजस्थान की निम्बाहेड़ा और छोटी सादड़ी पुलिस को थी तलाश...

## पिपलियामंडी पुलिस ने गौतस्कर को दबोचा

**मंदसौर, 30 जून गुरु एक्सप्रेस।** पुलिस का गौ तस्करों के खिलाफ शिकंजा कसता जा रहा है। पिपलिया मंडी पुलिस ने गौ तस्करी में शामिल आरोपी को दबोचने में सफलता हासिल की है। राजस्थान के निंबाहेड़ा और छोटी सादड़ी पुलिस को आरोपी की लंबे समय से तलाश थी।

मल्हारगढ एसडीओपी नरेंद्र सोलंकी ने बताया कि जिले में गौ तस्करों कि धरपकड़ के लिए अभियान चलाया जा रहा है। इसी अभियान में पुलिस को जानकारी मिली थी कि राजस्थान में गो तस्करी के मामले में फरार आरोपी शाहिद बोतलगंज में छुपा हुआ है। सूचना पर पिपलिया मंडी टीआई नीरज सारवान की टीम ने दबिश देकर आरोपी शाहिद उर्फ लाला पिता फारूक न्यारा निवासी बोतलगंज को दबोच लिया। आरोपी के खिलाफ राजस्थान के निम्बाहेडा जिला चित्तोडगढ व छोटी सादड़ी जिला प्रतापगढ में गोवंश तस्करी के प्रकरण दर्ज है। आरोपी को राजस्थान पुलिस लंबे समय से तलाश कर रही थी। पिपलिया मंडी पुलिस ने आरोपी को राजस्थान पुलिस के सुपुर्द किया है।

## सात सूदखोरो पर अवैध ब्याज वसूलने का मामला दर्ज, राजस्थानी भी बना आरोपी

**मंदसौर, 30 जून गुरु एक्सप्रेस।** बिना लाइसेंस के ब्याज पर रुपए देने वाले और अंड्शंट ब्याज वसूलने के मामले में नई आबादी पुलिस ने प्रकरण दर्ज किया हैं। आरोपियों में राजस्थान के निम्बाहेड़ा का भी एक ब्याजखोर शामिल हैं।




साहूकारी लायसेंस के बिना अंडशंट ब्याज पर रुपए देकर अधिक ब्याज वसूलने के मामले में शहर के नई आबादी पुलिस ने सात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। शहर में ऐसे कई गिरोह हैं जो लोगों की मजबूरी का फायदा उठाकर उनसे अधिक ब्यास वसूलने का धंधा करते हैं। शहर में ऐसे तो कई रसूखदार हैं जो बिना लाइसेंस के ही ब्याज पर रुपए देने का काम करते हैं। इसे सूदखोरी भी कहा जा सकता है। पूर्व में ऐसे ही सूदखोरो के खिलाफ पुलिस ने अभियान चलाकर कई गरीब लोगो को इन सूदखोरों के चंगुल से मुक्त करवाया था। गरीब या माध्यम वर्ग के परिवार को कभी भी मजबूरी में रुपए की आवश्यकता होती है तो ऐसे सूदखोर उनकी मजबूरी का फायदा उठाकर उनको अधिक ब्याज पर रुपए दे देते हैं। जब व्यक्ति को जरूरत होती है तब उसे कुछ नहीं दिखता और वह जो ब्याज बोलो उसमें हां भर देता है। ऐसा ही एक मामला नई आबादी थाना क्षेत्र में आया। जहां सीतामऊ फाटक निवासी मो. वसीम कुरेशी ने व्यवसाय के लिए 6 लाख 31 हजार रुपए ब्याज पर लिए थे। किंतु उससे ब्याज खोर लोगो ने अधिक रुपए की वसूली करते हुए 10-11 लाख ले लिए। उसके बाद भी वसीम को और रुपए देने के लिए प्रताड़ित किया जा रहा था। जिसके बाद उसने नई आबादी पुलिस थाने में शिकायत की तो पुलिस ने बिना लायसेंस ब्याज का धंधा करने के आरोप में सात लोगों के खिलाफ 3/4 मध्यप्रदेश ऋणीयों के संरक्षण अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज किया हैं। आरोपियों में फिरोज तम्बाकू वाला नाहर सैयद मंदसौर, इकबाल मुल्तानपुरा, सद्दाम मुल्तानपुरा, अंकुर परमार मंदसौर, गोपाल पिपलिया कराड़िया, बाबू अजमेरी बाजखेड़ी, असलम निंबाहेड़ा राजस्थान शामिल हैं।

## मिड इंडिया अंडरब्रिज: बारिश में कीचड़ से फिसलन बढ़ी

### तकनीकी खामियों का परिणाम भुगत रहे हजारों लोग

**मंदसौर, 30 जून गुरु एक्सप्रेस।** लंबे संघर्ष के बाद तैयार हुए मिड इंडिया अंडरब्रिज से अभी भी राहगिरों की परेशानी हल नहीं हुई है। लोकार्पण होने और कुछ सालो से उपयोग शुरु करने के बाद भी पानी भर जाने की समस्या जस की तस है। बारिश में समस्या और ज्यादा बढ़ जाती है। इससे 50 हजार से ज्यादा लोगों को आवागमन में परेशानी झेलना पड़ रही है। जिम्मेदार निर्माण के समय से ही समस्या को दूर करने के दावे कर रहे हैं। लेकिन, तीसरी बारिश देख रहे अंडरब्रिज पर समस्या जस की तस है।

लोगों की सुविधा के लिए 7 करोड़ रूपए की लागत से मिड इंडिया अंडरब्रिज का निर्माण हुआ। जनवरी 2020 में निर्माण प्रक्रिया शुरू की। निर्माण एक-दो माह ही चला व कोरोना के चलते बंद हो गया। शासन ने राहत दी तो ठेकेदार ने फिर से काम शुरु किया। कुछ दिन काम चला, उसके बाद रेलवे से भुगतान नहीं होने पर काम बंद कर दिया। उसके बाद बारिश की वजह से लंबे समय काम बंद रहा। जैसे-तैसे काम पूरा होने पर दो साल पहले ब्रिज का लोकार्पण किया गया। ब्रिज से आवागमन शुरू होने के साथ ही पानी भराव की समस्या भी बढने लगी। पिछले साल बारिश के दौरान नपा ने 4 मोटरों की सहायता से पानी को निकाला गया था। जिम्मेदार निराकरण की जुगत में भी लगे रहे। लेकिन, कोई भी हल नहीं निकला। समय के साथ परेशानी भी बढ़ती गई। अब बारिश में एक बार फिर ब्रिज में अधिक पानी भराव की दिक्कत के चलते राहगीर फिसलकर चोटिल हो रहे हैं।



### दोपहिया वाहन फिसलने का रहता है डर...

रेलवे ने अंडरब्रिज निर्माण से पहले फाटक से गुजरने वाले वाहनों का सर्वे किया। इसमें सामने आया था कि फाटक से रोज 25 हजार से अधिक वाहनों में 50 हजार से अधिक लोग निकलते हैं। पूर्व में लोग घंटों जाम में फंसे रहते थे। स्कूल तो किसी को ऑफिस जाने में समस्या होती थी। अंडरब्रिज का काम पूरा होने के बाद 70 हजार लोगों को राहत मिली। लेकिन, पानी भराव से परेशानी जस की तस बनी हुई है। आए दिन यहां वाहन स्लीप होकर चालक चोटिल हो रहे हैं।

### इस तरह बना हुआ है अंडरब्रिज...

रेलवे द्वारा 3.2 मीटर उंचाई का 45 मीटर लंबा टू-लेन अंडरब्रिज बनाया गया है। इसकी एक लेन की चौड़ाई 5.5 मीटर है। दोनों तरफ 60-60 मीटर का ओपन एरिया भी है। अंडरब्रिज से 10 फीट ऊंचा वाहन भी निकल सकता है। पानी भराव की समस्या ने राहगीरों को परेशानी बढ़ाई हुई है।

## प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के लिये 31 जुलाई तक करें आवदेन

**मंदसौर, 30 जून गुरु एक्सप्रेस।** जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास द्वारा बताया गया कि प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार उन बच्चों को दिये जायेगें, जिन्होंने बहादुरी, खेलकूद, सामाजिक कार्य, विज्ञान एवं तकनीकी खेल, पर्यावरण, कला और संस्कृति के क्षेत्र में विलक्षण प्रतिभा का परिचय दिया हो। उक्त पुरस्कार हेतु ऑनलाईन आवदेन https://awards.gov.in पर 31 जुलाई 2024 तक कर सकते है। अधिक जानकारी के लिये महिला एवं बाल विकास विभाग में सम्पर्क कर सकते है।

## सहायक जेल अधीक्षक एवं जेल प्रहरी के पदों के लिए...

## शारीरिक नापजोख एवं प्रवीणता टेस्ट 2 से

**नीमच, 30 जून गुरु एक्सप्रेस।** 'म.प्र.कर्मचारी चयन मंडल, भोपाल द्वारा सहायक जेल अधीक्षक एवं जेल प्रहरी भर्ती हेतु लिखित परीक्षा 25 मई, 2023 से 20 जून, 2023 तक परीक्षा आयोजित की गई थी। जिसका परीक्षा परिणाम 14 मार्च, 2024 को घोषित किया गया है। सहायक जेल अधीक्षक एवं जेल प्रहरी के पदों हेतु सफल अभ्यर्थियों के द्वितीय चरण की परीक्षा जिसमें शारीरिक नापजोख एवं प्रवीणता टेस्ट होगा, जेल विभाग स्वयं लेगा। प्रथम चरण में चयनित उम्मीदवारों का शारीरिक नापजोख एवं प्रवीणता टेस्ट मोतीलाल नेहरू, पुलिस स्टेडियम, भोपाल में 2 से 7 जुलाई, 2024 तक प्रात:7 बजे से आयोजित किया जाएगा। जिसका विस्तृत विवरण मध्यप्रदेश कर्मचारी चयन मंडल भोपाल की वेबसाइट www.esb.mp.gov.in पर उपलब्ध है। सफल अभ्यर्थी वेबसाइट पर उपलब्ध प्रपत्रों को निकालकर नियत तिथि पर आवश्यक दस्तावेजों एवं जानकारी सहित शारीरिक नापजोख एवं प्रवीणता टेस्ट हेतु उपस्थित हो सकते हैं।

## संत रविदास स्वरोजगार योजना अंतर्गत करें आवेदन

**मंदसौर, 30 जून गुरु एक्सप्रेस।** कार्यपालन अधिकारी असविस मंदसौर ने बताया कि संत रविदास स्वरोजगार योजना अंतर्गत अनुसूचित जाति वर्ग के 18 वर्ष से 40 वर्ष की आयु वर्ग के बेरोजगार युवकय/युवतीयों को स्वगयं का स्त्रोजगार स्थापित करने हेतु परियोजना इकाई लागत सेवा एवं व्यवसाय हेतु रु. 1 लाख से रू 50 लाख एवं उद्योग इकाई हेतु रु. 1 लाख से रू 50 लाख तक का ऋण बैकों के माध्यम से वितरीत किये जायेगें। जिस पर 05 प्रतिशत प्रतिवर्ष की दर से ब्याज अनुदान अधिकतम 07 वर्षो तक (मोरेटोरियम अवधि सहित) नियमित रूप से ऋण भुगतान (निर्धारित समय एंव राशि) की शर्त पर निगम द्वारा दिया जायेगा। गारंटी फीस म.प्र. शासन द्वारा देय होगी। आवेदन पत्र ऑनलाइन वेबसाईट – http://samast.mponline.gov.inपर भरे जा सकते है। विस्तृत जानकारी के लिये कार्यालय जिला अन्त्यावसायी सहकारी विकास समिति मर्या. मन्दसौर संजय गांधी उद्यान के पास तथा दुरभाष क्र. 07422-241558 व 9584525557 पर भी सम्पर्क कर सकते है।

## वैदिक संगोष्ठी समापन के साथ देवशिशु के निर्माता माता-पिता पुस्तक का विमोचन हुआ

**उज्जैन/रतलाम/मंदसौर, 30 जून गुरु एक्सप्रेस।** दिनांक 29-06-2024 प्राध्यापक पीठ अरविंद सोसायटी उज्जैन के दो दिवसीय वैदिक संगोष्ठी के द्वितीय दिवस विषय प्रवर्तन के अवसर पर सर्व प्रथम दिव्यांश स्थान पर ध्यान उपरांत पीठ की उपादेयता एवं दिव्य स्थल की ऐतिहासिकता पर विचार किया गया।

भगवत् पाद आद्यगुरू शंकराचार्य जब वैदिक धर्म की पुर्नस्थापना के लक्ष्य से वेदोव:शिव: भगवान महाकाल के आशीष प्राप्ति हेतु पधारे उस विश्राम स्थान पर वेद प्राध्यापक पीठ का निर्माण एवं महर्षि अरविंद की दार्शनिकता, रहस्योंदघाटन प्रतीकों की संस्थापना निश्चित रूप से शोध का विषय है। श्रेष्ठ भारत समर्थ भारत को साकार करने में नव पीढी की भूमिका एवं अनुभवी मार्गदर्शन का सहयोग अपेक्षित है, इसके निर्माण में देव शिशु के निर्माता माता पिता पुस्तक विमोचन हुआ पुस्तक का योगदान समाज में संभाव्य है। इस अवसर पर श्रीअरविंद सोसायटी उज्जैन के आद्य संस्थापक स्व.श्री सुखदेव प्रसाद जी ठाकुर साहब के व्यक्तित्व एवं कृतित्व के बहुविध आयाम पर ऋतम उपाध्याय रतलाम द्वारा प्रकाश डाला गया।

श्रीअरविंद एवं श्रीमाँ की परम कृपा प्राप्त श्रीसुखदेव सिंह चौहान द्वारा आद्या भगवती माँ के चर्तुयुगीन स्वरूपों का श्रीमाँ के प्राकट्य एवं उसे साक्षात् करने की अभीप्सा में श्रृद्धा एवं समर्पण की आवश्यकता को प्रतिपादित किया। कार्यक्रम को म.प्र.ईकाई के चेयरमेन श्री मनोज शर्मा ने संबोधित करते हुए श्रीअरविंद के साहित्य एवं विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने हेतु प्राध्यापक पीठ के प्रयास की सफलता की कामना की इस अवसर पर अन्नपूर्णा प्रसादम् का शुभारंभ भी किया गया। विषय प्रवर्तन श्री विभाष उपाध्याय द्वारा किया गया एवं आभार प्रदर्शन श्री मधुसुदन श्रीवास्तव द्वारा किया गया। कार्यक्रम में आनंदमोहन पण्ड्या, राजेन्द्र शर्मा गुरू जी, मनोज जोशी, डॉ.कविता उपाध्याय, डॉ.लतिका व्यास, मुकेश व्यास, उर्वशी पण्ड्या, नीलेन्द्र निगम, संदीप याग्निक, चिमनदास लखानी, डी.पी. कौशिक श्री स्वामी जी सहित वेदानुरागी एवं श्री अरविंद के विचार एवं साहित्य के शोधकार्य में संलग्न शिक्षार्थी बडी संख्या में उपस्थित रहे। यह जानकारी पीठ निदेशक डॉ.आर.पी.शर्मा द्वारा दी गई।





# विकसित भारत हम सबका सबसे सुनहरा सपना है, जिसे हमें साथ मिलकर पूरा करना है-सांसद

### सीए ब्रांच मंदसौर द्वारा आयोजित रन फॉर विकसित भारत मैराथन दौड़ में 500 प्रतिभागियों ने लिया भाग

**मंदसौर, 30 जून गुरु एक्सप्रेस।** पिछले दस वर्षों में भारत की आर्थिक प्रगति अत्यन्त तीव्र गति से हुई है और इसमें देश के चार्टर्ड अकाउण्टेन्ट्स की भी विशेष भूमिका रही है। विकसित भारत का सपना हम सबका सपना है और हम सबको मिलकर इस सपने को पूरा करना है। भारत का बहुत प्राचीन सुनहरा इतिहास रहा है और हमारे लोकप्रिय प्रधानमंत्रीजी के नेतृत्व में हम 140 करोड़ देशवासी भारत को पुन: विश्व का सिरमौर बनाने के लिये अपना सब कुछ देने को तत्पर हैं। आज मन्दसौर सीए ब्रांच ने रन फॉर विकसित भारत का आयोजन कर एक शुरूआत दी है। इस दौड को हमें भारत को विश्व में सर्वोच्च स्थान पर स्थापित करके ही दम लेना है। उक्त विचार दि इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउण्टेन्ट्स ऑफ इंडिया की मन्दसौर ब्रांच द्वारा आयोजित रन फॉर विकसित भारत मेराथान दौड के शुभारम्भ अवसर पर सांसद श्री सुधीर गुप्ता ने व्यक्त किये। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राज्यसभा सांसद श्री बंशीलाल गुर्जर ने कहा कि मन्दसौर सीए ब्रांच लगातार शैक्षणिक व स्वास्थ्य जागरूकता के कार्यक्रम आयोजित कर रही है। उनका यह प्रयास जनता के बीच में सीए परिवार को अत्यन्त लोकप्रियता प्रदान कर रहा है। ब्रांच इसी प्रकार से कर व उद्योग संबंधी जागरूकता के कार्यक्रम आगे भी आयोजित करे, उसमें हमारी सदैव हिस्सेदारी रहेगी।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक श्री विपिन जैन ने भी संस्था की गतिविधियों की प्रशंसा करते हुए विश्वास व्यक्त किया कि ब्रांच द्वारा आयोजित किये जा रहे औद्योगिक जागरूकता सेमिनार के सकारात्मक परिणाम शीघ्र ही क्षेत्र को प्राप्त होंगे। कार्यक्रम को पूर्व मंत्री श्री नरेन्द्र नाहटा, नगरपालिका अध्यक्ष श्रीमती रमादेवी गुर्जर, पूर्व विधायक श्री नवकृष्ण पाटिल, रोटरी क्लब के गवर्नर श्री अनीष मलिक, श्री सोमिल नाहटा, योग गुरू श्री सुरेन्द्र जैन, श्री सुधीर लोढ़ा आदि ने भी संबोधित किया। मन्दसौर ब्रांच के अध्यक्ष सीए दिनेश जैन ने स्वागत भाषण देते हुए बताया कि मन्दसौर ब्रांच पूरे सप्ताह में प्रतिदिन नयी गतिविधि आयोजित कर रही है। सीए सप्ताह के दौरान पौधारोपण, विद्यार्थियों को उद्योग भ्रमण, एमएसएमई सेमिनार, क्रिकेट मैच का आयोजन, रक्तदान शिविर का आयोजन व आज मैराथन का आयोजन किया गया है। हमारा यही प्रयास रहा है कि नगर का प्रत्येक नागरिक किसी न किसी कार्यक्रम में हमारे साथ सहभागिता करे और हम सब मिलकर विकसित भारत का निर्माण करें। मन्दसौर ब्रांच के उपाध्यक्ष व रन फॉर विकसित भारत के प्रोजेक्ट चेयरमैन सीए राजेश मंडवारिया ने बताया कि देश भर की प्रत्येक ब्रांच आज एक साथ प्रात: 6 बजे से इस मैराथन का आयोजन कर रही है। हमारे प्रधानमंत्री माननीय नरेन्द्र मोदी ने विकसित भारत का स्वप्न देखा है और उनके नेतृत्व में हम सभी सीए साथी उस स्वप्न को साकार करने के लिए अग्रणी भूमिका निभाने के लिये पूर्ण रूप से तत्पर हैं। इस अवसर पर प्रोजेक्ट चेयरमेन सीए अंकुश जैन, सीए अंकित नागर, सीए योगेन्द्र जैन भी मंचासीन थे। अतिथियों का स्वागत सीए विरेन्द्र जैन, सीए नयन जैन, सीए अर्पित नागदा, सीए अंकित नागर, सीए अंकुश जैन, सीए योगेन्द्र जैन, सीए अर्पित नागर, सीए विनय अग्रवाल, सीए नितेश भदादा, सीए रोहन सोमानी, सीए अंकित श्रीमाल, सीए रचित जैन, सीए जय विजयवर्गीय, सीए राजेश जैन, सीए सिद्धार्थ विजयवर्गीय, सीए नितिन देवनानी, सीए सुशील जैसवानी, सीए सुबोध सिंहल, सीए अर्पित मेहता, सीए आशीष जैन, सीए तुषार कोठारी, सीए भानुप्रताप नीमे, सीए चेतन गुप्ता, सीए शुभम गुप्ता, सीए पंकज सोनी, सीए विश्वास श्रीमाल, सीए कुलदीप पाटीदार, सीए आयुष जैन आदि ने किया। सीए सप्ताह में सक्रिय भूमिका निभाने वाले सभी सीए साथियों व विद्यार्थियों का भी सम्मान किया गया। इस दौरान योग गुरू सुरेन्द्र जैन ने हास्य योग भी कराया। डीआरपी लाईन से जैन कॉलेज तक करीब 3 किलोमीटर की इस मैराथन में स्कूलों के बच्चे, खिलाडी, सामाजिक संगठनों के सदस्य, महिलाएं सहित लगभग 500 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता को तीन वर्गों में आयोजित किया गया। 18 वर्ष से कम उम्र के प्रतिभागियों में बालक वर्ग में प्रथम श्री अजय कारूजा, द्वितीय श्री निर्भय धाकड व तृतीय श्री बलवीर सिंह रहे। बालिका वर्ग में प्रथम यशोदा मोगल, द्वितीय आरती कुमावत व तृतीय हर्षा रही। 18 से 35 वर्ष के प्रतिभागियों में पुरुष वर्ग में प्रथम श्री लोकेन्द्र सिंह, द्वितीय श्री राहुल चौधरी, तृतीय श्री अजय माली रहे। महिला वर्ग में प्रथम सपना (अपनाघर), द्वितीय रवीना व तृतीय स्थान रीना पाटीदार ने प्राप्त किया। 35 वर्ष से अधिक आयु ग्रुप में पुरुष वर्ग में प्रथम श्री निलेश बाफना, द्वितीय श्री सौमिल नाहटा व तृतीय श्री आदित्य पाटिल रहे। महिला वर्ग में प्रथम सीए जमीला लोखंडवाला, द्वितीय श्रीमती मनीषा मंडवारिया व तृतीय सीए प्रीति जैन रही। सभी विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किये गये। साथ ही पर्यावरण संरक्षण की दिशा में कार्य करते हुए समस्त प्रतिभागियों को पौधे भी वितरित किये गये। साथ ही उन्हें बड़ा करने की शपथ भी दिलायी गयी। कार्यक्रम का संचालन सीए रोहन सोमानी ने किया। आभार प्रदर्शन सीए विकास भंडारी ने किया।

## आध्यात्मिक चेतना अभियान की संगोष्ठी सम्पन्न



**मंदसौर, 30 जून गुरु एक्सप्रेस।** आध्यात्मिक चेतना अभियान द्वारा श्री ऋषियानंद आश्रम पर आध्यात्मिक संवाद का आयोजन किया गया। इस अवसर पर वयोवृद्ध साधक श्री भेरूलाल पटेल ने कहा कि भले लोगो को अपने सद्विचारों का व्यापक प्रसार करना चाहिये। सद्विचारो से ही समाज मे बुराईयो का अंत हो सकता है तथा सदाचरण एवं सत्कर्म का प्रसार होता है। आपने गुरूनानक देव के प्रेरक प्रसंग के माध्यम से कहा कि दुराचरी लोगो का सीमित क्षेत्र मे रहना और सज्जनो का व्यापक क्षेत्र मे फेल जाना समाज के लिये हितकारी है। श्री प्रकाश रातडिया ने कहा कि मर्यादा पुरूषोत्तम श्रीराम की परब्रह्म परमेश्वर के रूप मे पूजा अर्चना आराधना आध्यात्मिक राह पर बढने के लिये उपादेय है। उनका मानव रूप मे अवतरण लौकिक जीवन को सुखी, सम्पन्न और समाधिपूर्ण बनाने के लिये उपादेय है। श्री राम की माता पिता और गुरू के प्रति सम्मान व आदर की भावना उत्कृष्ट चरित्र की प्रेरणा है। उनके द्वारा सुग्रीव, निषाद और विभीषण जैसे व्यक्तियो के प्रति मैत्री भाव और शबरी, केवट व हनुमान जैसे भक्तो पर अनुकम्पा भाव श्रीराम की महानता का परिचायक है। राजधर्म और निजी हित मे लोक संतुष्टी को अपनाकर उन्होने राम राज्य को आदर्श राज व्यवस्था के रूप मे स्थापित किया। उनके जीवन से ली गई प्रेरणा किसी भी व्यक्ति को उत्कृष्ट चरित्र का धनी बनाती है। साहित्यकार श्री गोपाल बैरागी ने कहा कि जीवन के सही स्वरूप को समझने और सार्थक करने के लिये आध्यात्मिक मूल्यों का बोध और आचरण जरूरी है। बुराईयां मनुष्य को रिझाती है किन्तु अंतत: घातक साबित होती है। जबकि धर्म का मार्ग कठिन मालुम होता है किन्तु संतुष्टी वही प्रदान करता है। हिन्दी साहित्य संस्थान के अध्यक्ष श्री कृष्णकुमार जोशी ने कहा कि प्रत्येक मनुष्य मे निहित सद्गुणो को चिंहित करने और उन्हें अपनाने का भाव रखने से जीवन सद्गुण सम्पन्न बनता है, यही सकारात्मक दृष्टि है। श्री यशवंत प्रजापति ने शुभ सन्देश का वाचन किया। श्री कन्हैयालाल पण्ड्या, श्री ओमप्रकाश श्रीवास्तव एडवोकेट, श्री राजेन्द्र तिवारी, श्री अभय जैन, श्री प्रहलाद मालवीय ने मंगलाचरण गीत एवं भजन प्रस्तुत किये। श्री ऋषियानंद ट्रस्ट के अध्यक्ष डॉ.रविन्द्र जोशी, सचिव श्री ओमप्रकाश सोनी, आध्यात्मिक चेतना अभियान के संयोजक श्री विनोद शर्मा एडवोकेट ने स्वागत किया। संचालन आध्यात्मिक संवाद के संयोजक श्री रमेश ब्रिजवानी ने व आभार प्रदर्शन समन्वयक श्री प्रकाश कल्याणी ने किया।

## गोपाल कृष्ण गौशाला में बैंड बाजे के साथ करवाया गौमाता का प्रवेश





**मंदसौर, 30 जून गुरु एक्सप्रेस।** शिवसेना उद्धव बालासाहेब ठाकरे मध्यप्रदेश राज्य प्रमुख व श्री राष्ट्रीय भगवा सेना संस्थापक सुनील शर्मा के नेतृत्व मे नई बनाई गई गोपाल कृष्ण गौशाला तितरोद (वृंदावन धाम) में गौ माता का प्रवेश कामधेनु रूपी गौ माता का गोपाल कृष्ण गौशाला वृंदावन धाम तितरोद सीतामऊमें ढोल धमाकों बैंड बाजे के साथ हजारों धर्म प्रेमी जनता, क्षेत्रीय विधायक पुर्व केबिनेट मंत्री हरदीप सिंह डग ,जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमति दुर्गा विजय पाटीदार ,समाज सेवी अरविंद जैन के मुख्य अतिथि में शिवसेना राज्य प्रमुख श्री राष्ट्रीय भगवा सेना संस्थापक ,गोपाल कृष्ण गौशाला संस्थापक सुनील शर्मा के नेतृत्व मे उनके 51 जन्म दिवस के मौके पर गोपाल कृष्ण गौशाला तितरोद सीतामऊ(वृंदावन धाम) में गौ माता को प्रवेश करवाया ,सर्वप्रथम गांव के बालाजी मंदिर से बैंड बाजो ढोल नगाडों, राधा कृष्ण, कृष्ण सुदामा, भालू, बंदरो के रुप धारण किए गए नन्हे कलाकारों के साथ गौमाता को लेकर नगर तितरोद में जुलूस निकाला गया जिसने नगर की धर्म प्रेमी जनता मातृ शक्ति युवाओं बुजुर्गो बच्चो ने बढ़ चढ़ कर भाग लिया ,,जुलूस दो-तीन घंटे नगर भ्रमण करते हुए शाम 5 बजे श्री गोपाल कृष्ण गौशाला पहुंचा, जहां पर मुख्य अतिथि के रूप में पधारे क्षेत्रीय विधायक हरदीप सिहं डग व समाजसेवी अरविंद जैन द्वारा गौशाला के मुख्य द्वार पर गौ माता की पूजन कर कन्याओं की पूजन कर गौ माता का गौशाला में प्रवेश करवाया गया कार्यक्रम में दोपहर में सुंदरकांड मंडली द्वारा संगीत में सुंदरकांड का पाठ किया गया गौशाला में भगवान सत्य नारायण की कथा का आयोजन भी किया गया, उसके बाद यज्ञ नारायण भगवान का आयोजन भी हुआ और शाम को अतिथियों द्वारा गौ माता की पूजन कर गौशाला में प्रवेश कराया गया मंच पर कार्यक्रम का संचालन स्वयं सुनिल शर्मा द्वारा किया गया व दानदाताओं के नाम की घोषणा की गई इसमें सर्वप्रथम 1 लाख रूपए सुनील शर्मा द्वारा गौशाला को भेंट किए गए कई भामाशाहों ने लाखों रुपए गौ माताओ के लिए बनी गौशाला में दान दिया जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती दुर्गा विजय पाटीदार ने भी गौमाता की उपयोगिता क्या है, गौमाता एक पशु नहीं है उसके अंदर 33 कोटि देवताओं का वास है 33 कोटी मतलब 33 प्रकार के देवताओं का वास है ,सभी देवताओं के नाम व गौ माता की अनेक उपलब्धियां का सार मंच से धर्म प्रेमी जनता को समझाया ,पूर्व में शासन द्वारा इस ग्राम पंचायत को गौ शाला स्वीकृत हो चुकी थी ,पर ग्राम पंचायत सरपंच की निष्क्रियता के कारण नहीं बन पाई, जो पैसा पंचायत के पास गौशाला के लिए आया था ,जो वापस चला गया उस पैसे को शासन से वापस रिलीज करवाने के लिए गौशाला कमेटी व जनता ने क्षेत्रीय विधायक हरदीप सिंह डग से निवेदन किया विधायक श्री डग ने पुरा आश्वासन दिया हे की गौशाला के लिए उनसे जो होगी वो हर संभव मदद करेंगे ,,व उन्होने गौ शाला के लिऐ ?5 लाख रुपए की घोषणा भी करी ,कार्यक्रम में कई वरिष्ठलोगों का आगमन भी हुआ था कार्यक्रम के के बाद सभी धर्म प्रेमी जनता ने भोजन प्रसादी ग्रहण करी,, शिव सेना (उ.बा.ठा.) राज्य प्रमुख आइटीसेल नाहर सिंह गौड नेगौ शाला समिति व आसपास से आए हुवे धर्मप्रेमी यो काआभार व्यक्त किया। यह जानकारी कुलदीप सिंह गौड ने दी।

## भारतीय कुमावत क्षत्रिय महासभा का अधिवेशन संपन्न



**मंदसौर, 30 जून गुरु एक्सप्रेस।** भारतीय कुमावत क्षत्रिय महासभा को अब विराट स्वरूप मिलेगा। महासभा को मजबूत बनाने के उद्देश्य से ही संविधान संशोधन किया गया है।

भारतीय कुमावत क्षत्रिय महासभा (रजि.) की मंत्रिमंडल व राष्ट्रीय कार्यकारिणी की दो दिवसीय बैठक को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष युधिष्ठिर कुमावत ने कहा कि महासभा हमारी मां है, हमें आधिकारिक सदस्यों को जोडकर समाज को मजबूत बनाना है। संविधान में संशोधन कर नए प्रकोष्ठे के गठन से संगठन को एक नई दिशा मिलेगी। मंदसौर में रेवास देवड़ा मार्ग स्थित मनमोहन वाटिका में आयोजित दो दिवसीय बैठक के तहत शुक्रवार शाम 7 बजे शुरू हुई बैठक में गत वर्ष 18-19 मार्च 2023 को बैठक में संविधान संशोधन के बिंदुओं को स्वीकृत किया गया। बैठक की शुरूआत भगवान श्रीराम की छवि के समक्ष दीप प्रज्वलन के साथ हुई। सभी सदस्यों ने राष्ट्रीय अध्यक्ष युधिष्ठिर कुमावत की अगुवाई में ध्वज गान किया गया। मध्यप्रदेश जोन पदाधिकारीगणों ने राष्ट्रीय पदाधिकारियों का स्वागत किया। भारतीय कुमावत क्षत्रिय महासभा के राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी संदीप कुमावत ने बताया कि भगवान श्री पशुपतिनाथ की पावन नगरी में शुरू हुई बैठक में देश भर से मंत्रिमंडल सदस्य, राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य, राष्ट्रीय प्रतिनिधि, परामर्शक सहित महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश, गुजरात, दिल्ली-हरियाणा व राजस्थान के दक्षिण-पश्चिम व उत्तर-पूर्व जोन अध्यक्ष व महामंत्री सहित मंत्रिमंडल सदस्यों ने भाग लिया।

दिनांक 1जुलाई 2024

**अपनी कुण्डली स्वयं देखे-ज्योतिषाचार्य पंडित यशवंत जोशी के साथ**

**क्या आप जानते है..?**



✻ मेष राशि वाले लोग शीघ्र क्रोधित होते है अर्थात इन्हे जल्दी गुस्सा आता है।

✻ इन्हे अधिकतर कार्यों को शीघ्र सम्पन्न करने की होड़ रहती है।

✻ इनकी तर्क शक्ति एवं विचार करने की क्षमता बहुत प्रबल रहती है।

✻ ऐसे जातक अपने जीवन के विशेष राज छुपा नहीं पाते है।

✻ व्यवहार निभाने के मामले में पक्के होते है।

**ज्योतिषाचार्य पंडित यशवंत जोशी**

**जय दुर्गा ज्योतिष सेवा संस्थान एवं अनुष्ठान केंद्र मंदसौर**

## बच्चों एवं महिलाओं के साथ लेंगिक हिंसा की रोकथाम पर एक दिवसीय कार्यशाला सम्पन्न

**मंदसौर, 30 जून गुरु एक्सप्रेस।** बच्चों एवं महिलाओं के साथ लेंगिक हिंसा की रोकथाम पर सभी शासकीय विभाग एवं समाजसेवी संस्थाए आपस मे एक साथ मिलकर कैसे काम करें ताकि ऐसे अपराधों पर लगाम कसी जाए इसी उद्देश्य के साथ एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन होटल देव रेसीडेंसी में किया गया, इस कार्यशाला मे 70 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया।

जन साहस व उड़ान संस्था द्वारा आयोजित इस कार्यशाला मे बताया गया की अगर कोई बच्चों या महिला के साथ कोई हिंसा होती है तो परिवार एवं समाज के लोग उसे ही कसूरवार ठहराते है जिसकी वजह से वह डिप्रेशन मे चले जाते है जबकी गलती किसी और की होती है जिसके संबंध मे प्रोफेशनल काउंसलर उर्मिला ने मानसिक स्वास्थ्य पर सेशन लिया गया और बताया की उनके मानसिक स्वास्थ्य पर किस प्रकार का प्रभाव पड़ता है, जिस कारण से उन्हें बहुत समस्याओं का सामना करना पड़ता है इसके पश्चात एडवोकेट विकास सूर्यवंशी द्वारा नए कानून और पोक्सों व महिलाओ पर बने कानून की विभिन्न धाराओं के बारे में जानकारी दी गई, साथ ही जितेंद्र सुनार्तिया ने साइबर क्राइम पर सत्र लिया गया और बताया गया की जो हेकर होते है वह किस प्रकार के नये-नये तरीकों से हमे अपने जाल मे फसाते है साथ ही उन्होंने बताया की अगर किसी के साथ अगर किसी के साथ साइबर क्राइम अपराध की घटना घट जाती है तो हम हेल्प लाइन नंबर 1930 व वेबसाइड https://cybercrime.gov.in की तुरंत मदद ले सकते है, व आप के साथ किसी भी प्रकार का फ़रोडहोने से बचा जासकता है एवं कानून व धाराओ के बारे मे विस्तार से जानकारी दी गई स तदपश्चात सभी के साथ ओपन चर्चा की



गई वह सभी शासकीय विभाग एवं समाज सेवी संस्था के प्रतिनिधि ने एक जुट होकर एक प्लेटफार्म पर आकर उक्त मुद्दे पर सभी एक साथ आकार काम करेगे, उस परसभी की सहमति बनी वह समाज मे जागरूक करने का सहयुक्त प्रयास करेगे । कार्यक्रम मे उपस्थित प्रतिनिधि थे किशोर न्याय बोर्ड से रिहान, अंकित शर्मा, बाल कल्याण समिति से अध्यक्ष शंकर डोडिया एवं सदस्य विश्व मोहन अग्रवाल, उमराव सिंह जैन, रेणुका रामावत, जिला शिक्षा अधिकारी टेरेसा मिंज, महिला बाल विकास विभाग से सोना पटीदार, शोभा कोडावत, हेमलता सावरिया, गायत्री खिची, शकुन्तला डामोर, उनीसेफ़ से सोनिक मिश्रा, वन स्टाप सेंटर से निर्मला चौहान, सीमा गोड, नेहा बैरागी, निडर युवा सेवा संस्था से शेहजाद हुसेन, देवेन्द्र पंडियार, सदाम हुसेन, जन सौर्य से आकास चौहान, श्याम चौहान, टेरेसा स्कूल से श्रीमती लक्ष्मी नारायण, विधिक सेवा प्राधिकरण के पेरा लिगल वालेंनटियर अजीज खान, डब्को संस्था से महेश दुबे आदि उपस्थित हुए। कार्यक्रम का संचालन कुलदीप घावरी द्वारा किया गया एवं आभार राहुल चौहान द्वारा माना गया।

## किलकारी उमंगे करे, आ गया आषाढ़

**मंदसौर, 30 जून गुरु एक्सप्रेस।** हिन्दू वर्ष के 12 माह में 4थे क्रम पर आता है आषाढ़। इस वर्ष 22 जून से शुरू आषाढ मास 21 जुलाई तक रहेगा। प्रत्येक माह की पूर्णिमा को चन्द्रमा जिस नक्षत्र में होता है उस महिने का नाम उसी नक्षत्र के नाम पर रखा गया है। आषाढ नाम भी पूर्वाषाढा और उत्तराषाढा नक्षत्रों पर आधारित है। आषाढ माह की पूर्णिमा को चन्द्रमा इन्हीं दो नक्षत्रों में से एक नक्षत्र में रहता है। जिस कारण इस महिने का नाम आषाढ पड़ा है। इस माह में ज्येष्ठ महिने में पड़ने वाली भयंकर गर्मी से आषाढ महिने में राहत मिलने के आसार नजर आते है। इसी माह में वर्षा ऋतु का भी आगमन हो जाता है। तरूणियां इस ऋतु में अपने प्रिय के आगमन की सूचना मिलने के भावों से नव श्रृंगारित होने लगती है।



श्रृंगारित होने का मन अपने प्रिय के आने की सूचना के भावों को महसूस करने पर ही होता है। महाकवि कालिदास ने अपने महाकाव्य मेघदूत में यक्ष ने अपनी पत्नी में दूर होने पर बादलों को दूत बनाकर अपने विरह को प्रदर्शित करते हुए उल्लेखित किया है। कवि ने बादलों को राम गिरी पर्वत से नर्मदा तट ओंकारेश्वर होते हुए अवन्तिका में महाकाल के दर्शन करते हुए मालवा क्षेत्र से गुजरने को कहा तथा मालवा की स्त्रियों को मलिन वस्त्र धारण किये हुए केश सज्ञा नहीं किये हुए बताया जिसका कारण मालवा के पुरुष जब व्यापार करने जाते है तो वे स्त्रियां श्रृंगार नहीं करती मलिन वस्त्रों में रहती है। पुरुष अपनी प्रिया के लिये उपहार लाने एवं वर्षा ऋतु में आने का वादा करके जाते हैं।

पैजनिया के कारण, पिया गये परदेश।<br>
वर्षा ऋतु आएंगे, छोड़ गये संदेश।

आषाढ माह मालवा की उन सभी नवयौवनाओं के लिये खुशी का पैगाम बादलों के रूप में लाता है। श्यामवर्णी बादलों को आता देख वे सभी युवतियां वर्षा ऋतु के आने और वर्षा ऋतु में प्रिय के आने की खुशी में मलिन वस्त्रों का त्याग कर नये वस्त्र पहनकर अस्त व्यस्त केश को श्रृंगारित कर अपने प्रिय की बाट जोहने लगती है।

बादल देख बदले, विरहणियों के वेश।<br>
बाट निहारे नववधू, श्रृंगारिक कर केश।

मालवा की नवयौवनाओं का यह भाव आषाढ माह में देखने को मिलता है। यह माह जेठ की तपन से मुक्ति प्रदान करने के साथ वर्षा ऋतु के आगमन की सूचना बादलों के माध्यम से देता है। जो उनके मन की उमंगों की किलकारी का एहसास कराती है। बादलों की बाढ़ वाला माह प्रिय एवं वर्षा ऋतु के आगमन की सूचना प्रदान करता है जिससे विरहमन बोल उठता है।

जेठ की तपन लाई, बादलों की बाढ़।<br>
किलकारी उमगें करें, आ गया आषाढ़।

**नन्दकिशोर राठौर, मंदसौर**

# मप्र विधानसभा में आज से होगी मानसून सत्र की शुरुआत, 3 जुलाई को पेश होगा बजट

**भोपाल, 30 जून गुरु एक्सप्रेस।** सोमवार से मध्य प्रदेश विधानसभा का 19 दिवसीय मानसून सत्र प्रारंभ होगा। इसके हंगामेदार होने के आसार हैं। कांग्रेस ने सरकार को घेरने के लिए नर्सिंग कालेज, चुनाव के समय की घोषणाओं को पूरा न करने, अनुसूचित जाति-जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग और महिलाओं के साथ हुई अत्याचार की घटनाओं को प्रमुखता से उठाने की तैयारी की है।

वहीं, सत्तारूढ़ दल भाजपा ने भी पलटवार की तैयारी की है। सभी मंत्रियों से कहा गया है कि वे विभागीय उपलब्धियों के साथ कांग्रेस सरकार के प्रदर्शन को आधार बनाकर अपनी बात दमदारी से रखें। मोहन सरकार का पहला पूर्ण बजट तीन जुलाई को प्रस्तुत किया जाएगा।



**कोई भी योजना बंद नहीं होगी–** सरकार ने तय किया है कि पूर्व से संचालित किसी भी योजना का बंद नहीं किया जाएगा। बजट में लाड़ली बहना, लाड़ली लक्ष्मी, गेहूं पर प्रति क्विंटल 125 रुपये का बोनस, पशुपालकों को पांच रुपये प्रति लीटर प्रोत्साहन राशि, रसोई गैस 450 रुपये में देने अनुदान, किसानों को शून्य प्रतिशत पर कृषि ऋण, छात्रवृत्ति, स्वरोजगार योजनाओं में अनुदान, सिंहस्थ और अधोसंरचना विकास से जुड़े कामों के लिए प्राथमिकता के आधार पर प्रविधान किए जाएंगे। इसके अलावा गृह विभाग भीड़भाड़ वाले स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे लगाने की अनिवार्यता के लिए लोक सुरक्षा अधिनियम, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता मध्य प्रदेश संशोधन, उच्च शिक्षा विभाग विश्वविद्यालय संशोधन, नगरीय विकास एवं आवास विभाग नगर पालिका अधिनियम, जेल विभाग बंदीगृह एवं सुधारात्मक सेवाएं और लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के खुले नलकूप में इंसानों की गिरने से होने वाली दुर्घटनाओं से रोकथाम एवं सुरक्षा सहित अन्य विधेयक प्रस्तुत किए जाएंगे।

**नर्सिंग कॉलेज घोटाला, सरकार की वादाखिलाफी के मुद्दे पर होगी घेराबंदी–** कांग्रेस ने सरकार को घेरने के लिए नर्सिंग कॉलेज घोटाले और विधानसभा चुनाव के समय किए गए वादों की पूर्ति न होने और कानून व्यवस्था की स्थिति को मुद्दा बनाकर सरकार को घेरने की तैयारी की है। इसको लेकर स्थगन प्रस्ताव दिया जा सकता है।

इसे स्वीकार न करने की स्थिति में हंगामा होने के आसार हैं। वहीं, सत्तारूढ़ दल भाजपा ने पलटवार के लिए कांग्रेस सरकार में हुई गड़बड़ी को आधार बनाने की तैयारी की है। कमल नाथ सरकार के समय कालेजों को मिली अनुमतियों को सामने रखकर कांग्रेस को घेरा जाएगा। विधानसभा सदस्यों ने मानसून सत्र के लिए 4,287 प्रश्न पूछे हैं। इसमें 2,108 तारांकित और 2,179 अतारांकित हैं। सूत्रों के अनुसार सर्वाधिक प्रश्न कानून व्यवस्था, बेरोजगारी और स्थानीय विकास से जुड़े हैं। कांग्रेस के सदस्यों ने विधानसभा चुनाव से पहले की गई घोषणाओं, गेहूं, धान का समर्थन मूल्य बढ़ाने, लाड़ली बहनों को तीन हजार रुपये देने, अनुसूचित जाति-जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग और महिलाओं पर हुए अत्याचार, प्रदेश की वित्तीय स्थिति को लेकर अधिक विषयों पर सरकार से उत्तर मांगे हैं।



# रियासी आतंकी हमले को लेकर एनआईए का एक्शन, राजौरी की पांच जगहों पर छापेमारी

**नई दिल्ली, 30 जून।** रियासी आतंकवादी हमले में राष्ट्रीय जांच एजेंसी ने आज (रविवार) जम्मू-कश्मीर के राजौरी जिले में छापेमारी की। इस आतंकी हमले की जांच 15 जून को एनआईए ने अपने हाथ में ली थी। इसी मामले की जांच के लिए एजेंसी ने हाइब्रिड आतंकवादियों और ओवरग्राउंड वर्कर्स से जुड़े पांच स्थानों पर छापेमारी की।

**9 जून को आंतकियों ने किया था हमला–** 9 जून को रियासी जिले के पौनी इलाके में श्रद्धालुओं से भरी बस पर आतंकियों ने हमला किया था। बस शिव खोरी से कटरा जा रही थी। आंतकियों के हमले के बाद बस खाई में जा गिरी थी, जिसमें एक बच्चे समेत नौ लोगों की जान चली गई।

**आरोपी ने स्थानों का खुलासा किया था–** केंद्रीय गृह मंत्रालय के आदेश पर आतंकी हमले की जांच एनआईए ने शुरू की। आतंकवादियों के मदद के आरोप में हाकिन दीन को गिरफ्तार किया था। एनआईए की जांच में खुलासा हुआ कि हाकिन ने आंतकियों को सुरक्षित स्थान और खाद्य सामग्री उपलब्ध कराई थी।

**छह हजार रुपये के बदले आतंकियों की मदद–** जांच में पता चला कि हाकिन दीन ने आतंकवादियों को शरण दी और उनकी गतिविधियों में मदद की। जांच के दौरान हाकिन ने बताया था कि आतंकवादी उसके घर में रुके थे। उसने बताया, आतंकियों ने इस काम के लिए छह हजार रुपये दिए थे।

## भाई को पीटा, 2 भाईयों पर केस दर्ज

**पिपलियामंडी, 30 जून गुरु एक्सप्रेस।** भाई के साथ मारपीट करने वाले दोनों भाईयों के खिलाफ पुलिस ने केस दर्ज किया। बोरखेडी चारण निवासी महेश पिता राधेश्याम गेहलोत ने नाहरगढ थाने पर शिकायत दर्ज कराई कि मेरे भाई प्रकाश व विष्णु आए और मेरे पिताजी से बोले कि घर पर हमें लोन लेना है, पिता ने मना किया तो दोनों ने झगडा किया, मैंने बीच-बचाव किया तो दोनों ने मुझे गालियां दी व लात-घुसों से मारा। मेरी पत्नी शीलाबाई बीच-बचाव करने आई तो उसके साथ भी मारपीट की। घर में रखी एलसीडी, कूलर, इलेक्ट्रानिक चूल्हा, सिलाई मशीन आदि भी तोडफोड कर नुकसान पहुंचाया। पुलिस ने दोनों भाईयों पर केस दर्ज किया।

# राजस्थान बार्डर पर बनेगे सेफ्टी चेकिंग पाइंट

## आरटीओ बैरियर की लूट पर लगाम लगेगी, पुलिस का प्लान हो गया तैयार

**मंदसौर/नीमच, 30 जून गुरु एक्सप्रेस।** प्रदेश के अनेक आरटीओ बैरियर पर होने वाली खुली लूट को रोकने के लिए सरकार बड़ा एक्शन ले रही है। अब प्रदेश में आरटीओ बैरियर जैसे लूट चौकी नहीं, बल्कि 45 सेफ्टी पाइंट होंगे, जो रोड सेफ्टी एंड इंफोर्समेंट चेकिंग पाइंट के नाम से जाने जाएंगे। मंदसौर और नीमच जिले की सीमाए राजस्थान से सटी हुई है। मंदसौर जिले के मंदसौर डोंगरपुर रोड और नीमच जिले के नीमच उदयपुर रोड पर सेफ्टी पाइंट तैयार होगे।

ये वही पाइंट होंगे, जो गुजरात मॉडल की तर्ज पर वाहनों की मानव रहित जांच का काम करेंगे। जिसमें नगद लेन-देन जीरो होगा। परिवहन विभाग के इन सेफ्टी पाइंटों पर पुलिस भी पैनी नजर रखेगी। सरकार अब इस दिशा में तेजी से आगे बढ़ रही है। परिवहन विभाग के अपर मुख्य सचिव ने गृह विभाग के प्रमुख सचिव को गुजरात मॉडल लागू करने के लिए पत्र लिखा है। जिसके लिए 211 होमगार्ड जवान प्रतिनियुक्ति पर मांगे हैं। मानव रहित सिस्टम को चलाने के लिए कम्प्यूटर ऑपरेटरों की जरुरत पर भी कई दौर की बात हो चुकी है। उपकरण खरीदी की प्रक्रिया तेजी से चल रही है।

### आज आयोजित बैठक में होगी समीक्षा...

इन सेफ्टी पाइंटों की शुरूआत करने को लेकर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने फिर बैठक बुलाई है, जो आज सोमवार को प्रस्तावित है। जिसमें नई व्यवस्था पर हुए काम की समीक्षा होगी। जरुरी निर्णय भी लिए जा सकते हैं।

### लूट करने वालों पर नजर...

दूसरे राज्यों की सीमा से आने और उनमें प्रवेश करने वाले वाहनों की जांच व राजस्व की दृष्टिसे तत्कालीन समय में खोले गए इन आरटीओ बैरियर को लूट का अड्डा बनाने वालों पर सरकार की नजर है। सूत्रों के मुताबिक इन बैरियरों से छवि को काफी धक्का लगा है, जिसके लिए अलग स्तर पर जांच-पड़ताल कराई जा रही है।

# एक पेड़ मां के नाम आभियान अंतर्गत किया पौधारोपण

**मंदसौर, 30 जून गुरु एक्सप्रेस।** रविवार को नगर के वार्ड क्र 39 के महाराणा प्रताप नगर बालाजी उद्यान और गांधी नगर के दास बालाजी उद्यान में एक पेड़ मां के नाम आभियान के अन्तर्गत सभी क्षेत्रवासियो और सक्षम संस्था के सहयोग से 51 /51 पौधे लगाएं गए। ओर उनके सरंक्षण का संकल्प लिया गया। इस अवसर पर क्षेत्र के वरिष्ठ नागरिक मदनलाल राठौर, डॉक्टर रमेश देवड़ा, पुलकित पटवा ,विजेन्द्र सिंह चुंडावत, मुकेश गुर्जर, सक्षम संस्था के सदस्य डॉक्टर अलका अग्रवाल ,निशा महाराणा सहित क्षेत्र के सभी वरिष्ठ जन, मातृशक्ति व सक्षम संस्था के सदस्य उपस्थित रहें।

सभी क्षेत्रवासियों ने एक-एक पौधा अपनी मां के नाम से लगाकर उनके संरक्षण का दायित्व लिया ओर पर्यावरण को सरंक्षित रखने का संकल्प लिया। इस अवसर पर वार्ड क्र 39 की पार्षद एवं



जिला योजना समिति सदस्य भारती पाटीदार ने कहा की प्रकृति है तो हम है इसलिए हम सबको मिलकर पर्यावरण के प्रति जागरूकता लाना है और अपने आसपास के उद्यानों में अपने निवास के बाहर हरे भरे वृक्ष लगाकर पर्यावरण का संरक्षण करना है। आज हमारे वार्ड में महाराणा प्रताप नगर के उद्यान और गांधीनगर दास बालाजी उद्यान में लगभग दोनों उद्यानों में हमने 51 /51 पौधे लगाए। आपने कहा कि जो राष्ट्र अपनी मिट्टी को नष्ट करता है, वह स्वयं को नष्ट कर देता है। वह हमारी धरती के फेफडे है, जो हवा को शुद्ध करते है और हम लोगों को नई ताकत देते है। क्षेत्र वासियों की सहायता से निश्चित ही यह पौधे जल्दी ही वृक्ष का आकार लेंगे और हरा भरा मंदसौर हमारा होगा।

## श्रीमती शर्मा की सेवानिवृत्ति पर निकाला बिदाई जुलूस

**पिपलियामंडी, 30 जून गुरु एक्सप्रेस।** शिक्षिका श्रीमती पूर्णलता अनिल शर्मा की सेवानिवृत्ति पर बिदाई समारोह आयोजित किया गया। रेलवे स्टेशन बालाजी मंदिर से बैंड-बाजों के साथ बिदाई जुलूस निकाला। जगह-जगह पुष्पवर्षा कर श्रीमती शर्मा का स्वागत् किया। बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक, स्कूल स्टाफ बिदाई जुलूस में शामिल हुए।

# जल गुणवत्ता परिक्षण व क्लोरिनेशन अभियान आज से

**मंदसौर, 30 जून गुरु एक्सप्रेस।** कलेक्टर श्री दिलीप कुमार यादव की मार्गदर्शन में लोग स्वस्थ यांत्रिकी विभाग के कार्यपालक यंत्री श्री प्रदीप कुमार गोगादे द्वारा बताया गया कि सम्पूर्ण जिले के ग्रामीण क्षेत्र मे स्थापित पेयजल स्त्रोतो क़ो स्वच्छ रखने, उनसे प्राप्त पानी का जल गुणवत्ता परिक्षण करने व जल स्त्रोतो का क्लोरिनेशन करने के लिए लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा एक अभियान चलाया जा रहा है। यह अभियान 1 जुलाई से प्रारंभ होकर 31 जुलाई 2024 तक चलेगा।

अभियान के तहत विभाग द्वारा सुधार योग्य हेड पंपों का सुधार कार्य, संभावित बाढ़ग्रस्त क्षेत्रों के पेयजल स्त्रोतों की निगरानी व चिन्हाकन, दूषित पानी से होने वाली बीमारियों के बारे में जन जागरूकता, पेयजल टंकी व संपावेल का सफाई कार्य, क्लोरिनेशन के लिए ब्लीचिंग पाउडर की उपलब्धता, स्वच्छ शौचालय का उपयोग, ठोस व तरल अपशिष्टपदार्थो का समुचित निष्पादन करने, ग्राम स्थापित पेयजल योजनाओं का समुचित संचालन संधारण करने, जन भागीदारी व चलकर की राशि की नियमित वसूली करने, नल जल प्रदाय योजनाओं के लेखा का संधारण करने, पेयजल स्त्रोतों के स्वच्छता सर्वेक्षण का कार्य एवं पेयजल के उपयोग के सम्बन्ध में जागरूकता विभाग द्वारा सहयोगी विभागों के समन्वय, स्वयंसेवी संगठनो, समाजसेवियों व स्वयंसेवक सहायता समूह के सहयोग से किया जावेगा।



## डीईएमसी की बैठक सम्पन्न

**मंदसौर, 30 जून गुरु एक्सप्रेस।** डी.ई.एम.सी की बैठक जिला पंचायत के सभागार में आयोजित की गई। बैठक के दौरान व्यय प्रेक्षक श्री एस.एस. दास, कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री दिलीप कुमार यादव, व्यय नोडल अधिकारी एवं सीईओ जिला पंचायत श्री कुमार सत्यम एवं समस्त सहायक व्यय प्रेक्षक के साथ-साथ अभ्यर्थी एवं उनके अभिकर्ता, सभी विधानसभा क्षेत्र के व्यय लेखा दल उपस्थित थे। बैठक में समिति के द्वारा सभी उपस्थितगणों से चर्चा की गई एवं लेखों का परीक्षण समिति के मार्गदर्शन में सम्पादित किया गया।

### नदी में मांस के टुकड़े फैके जाने को लेकर विधायक ने की पुलिस कप्तान से चर्चा...

# असामाजिक तत्वों पर सख्त कार्रवाई हो



**मंदसौर, 30 जून गुरु एक्सप्रेस।** विगत कुछ दिनों से शिवना नदी में असामाजिक तत्वों द्वारा मांस के टुकडे फेकने की सूचनाए लगातार प्राप्त हो रही है शिवना नदी मंदसौर शहर के लिए पेयजल का प्रमुख स्रोत है इस संबंध में आज जिला पुलिस अधीक्षक श्री अनुराग सुजानिया जी से दूरभाष पर चर्चा कर तत्काल पूरी मुस्तेदी के साथ इस प्रकार का कृत्य करने वाले दोषियों पर आवश्यक कानूनी कार्यवाही करने के संबंध में विधायक विपिन जेन ने चर्चा की है। वही सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने वाले इस प्रकार के असामाजिक तत्वों को किसी भी तरह से बक्शा नहीं जाए। जिला पुलिस अधीक्षक द्वारा श्री जेन को आश्वस्त किया गया है कि इस मामले मे तुरंत टीम गठित कर इस प्रकार का कृत्य करने वाले दोषियों का पता लगाकर कानूनी कार्यवाही की जाएगी। वहीं सुरक्षा की दृष्टि से शिवना नदी के किनारो पर पुलिस जवान तैनात कर सतत पेट्रोलिंग करने एवं नाव (बोट) की व्यवस्था कर निगरानी के संबंध में भी आश्वस्त किया है।

## राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाता सूची के वार्षिक पुनरीक्षण का कार्यक्रम जारी

### मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 12 सितंबर को

**मंदसौर, 30 जून गुरु एक्सप्रेस।** मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा नगरीय निकायों एवं त्रि-स्तरीय पंचायतों के निर्वाचन के लिए फोटो युक्त मतदाता सूची के वार्षिक पुनरीक्षण का कार्यक्रम जारी कर दिया गया है। मतदाता सूची एक जनवरी 2024 की संदर्भ तारीख के आधार पर बनाई जाएगी। मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 12 सितंबर 2024 को होगा।

सचिव, राज्य निर्वाचन आयोग श्री अभिषेक सिंह ने बताया है कि रजिस्ट्रीकरण, सहायक रजिस्ट्रीकरण और मास्टर ट्रेनर्स की नियुक्ति और उनका प्रशिक्षण 2 जुलाई 2024 तक किया जाएगा। मतदान केंद्रों का युक्ति-युक्तिकरण का प्रस्ताव तैयार कर रजिस्ट्रीकरण अधिकारी को 4 जुलाई तक दिया जाएगा। फोटो युक्त प्रारूप मतदाता सूची का विहित स्थानों पर सार्वजनिक प्रकाशन 19 जुलाई को किया जाएगा। प्रारूप मतदाता सूची पर दावे आपत्ति 19 जुलाई से 2 अगस्त तक लिए जाएंगे। प्राप्त दावे-आपत्तियों के निराकरण की अंतिम तिथि 9 अगस्त है। फोटो युक्त अंतिम मतदाता सूची का विहित स्थानों पर सार्वजनिक प्रकाशन 12 सितंबर 2024 को किया जाएगा। पूरी प्रक्रिया नियमानुसार निर्धारित समय में पूरी करने के निर्देश कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारियों को दिए गए हैं।

# मप्र शिक्षक संघ व्दारा सेवानिवृति पर सम्मान



**मनासा, 30 जून गुरु एक्सप्रेस।** मध्य प्रदेश शिक्षक संघ ब्लॉक शाखा मनासा द्वारा संकुल उत्कृष्ट मनासा से सेवानिवृत हुए शिक्षक श्री रामेश्वर जी बारीवाल का शाल,श्रीफल,माला से सम्मान किया गया।

सम्मान हेतु म प्र शिक्षक संघ के जिला संगठन मंत्री श्री बद्रीलाल जी पुरोहित ब्लॉक अध्यक्ष श्री बलवंत जी हाडा,ब्लॉक सचिव राकेश पुरोहित ब्लॉक उपाध्यक्ष श्री राहुल कारपेंटर, ब्लॉक कोषाध्यक्ष रमेश जी धनोतिया,तहसील अध्यक्ष गोपाल जी जोशी, श्री ओम प्रकाश व्यास, श्रीमती आशा व्यास रमेश रावत, हिम्मत गहलोत, ईश्वर कारपेंटर,लक्ष्मी नारायण वैद मुकेश पोरवाल संजय चंदेल सहित अनेक पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## कारपेंटर को सेवानिवृत्ति पर दी बिदाई

**पिपलियामंडी, 30 जून गुरु एक्सप्रेस।** विद्युत वितरण कंपनी में वरिष्ठ परीक्षण सहायक गोपाल कारपेंटर के सेवानिवृत्ति पर उनका बिदाई समारोह आयोजित किया गया। विद्युत वितरण कंपनी में उनका सम्मान समारोह आयोजित किया वहीं गांव बरखेड़ापंथ में उनका बिदाई समारोह आयोजित किया गया। बड़ी संख्या में विद्युत वितरण कंपनी कर्मचारी, समाजजन व गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।



## साक्षरता शिविर पश्चात पौधारोपण किया

**मंदसौर, 30 जून गुरु एक्सप्रेस।** विधिक सेवा प्राधिकरण जिला के तत्वाधान में वात्सल्य धाम में साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। वात्सल्य धाम में वृक्षारोपण कार्यक्रम मे न्यायाधीश विनोद अहिरवार के मुख्य आतिथ्य मे 29 जुन को लगभग 11 पौधे लगाकर लगाकर पर्यावरण संरक्षण करने के लिए उपस्थित सदस्यों समझाईश दी गई। शिविर में सभी वृद्धिजनों को पूछताछ कर कानून के बारे में जानकारियां दी गई। साक्षरता शिविर पश्चात पौधारोपण किया गया। इस अवसर पर पैरालीगल वालंटियर श्रीमती सीमा नागर और पीएवी मनीषा मारू व भारतीय रेड क्रास के प्रभारी राजेश नामदेव, वात्सल्य धाम आश्रम प्रबंधक प्रियंका राजोरा आदी मौजुद थे।



# गौ वंश की रक्षा करना हर नागरिक का कर्तव्य-विधायक मारु

**मनासा, 30 जून गुरु एक्सप्रेस।** गौ वंश की रक्षा करना हर नागरिक का कर्तव्य है गाय केवल पशु नहीं है हमारे शास्त्रों के अनुसार इसमें तेतिस करोड़ देवताओं का वास है। गाय के पंच गव्य से न केवल मानव प्रजाति का कल्याण होता है बल्कि प्राकृतिक खेती में भी गोवंश का उतना ही महत्वपूर्ण योगदान है इसलिए गाय की रक्षा करना और उसका संवर्धन करना हर नागरिक का कर्तव्य हैं विधायक मारु नें उक्त बात गोवंश रक्षा वर्ष के तहत श्री गोवर्धन गौशाला में आयोजित कार्यक्रम में कहीं।

श्री मारु नें आगे कहाँ की गौ शालाये स्वावलम्बी बने इस दिशा में काम करने की जरूरत है साथ प्रत्येक परिवार में गोपालन हो ताकि हम जैविक खेती को बढ़ावा दें सके। इस अवसर पर अनुविभागीय अधिकारी श्री पवन बरिया नें कहाँ की पशु पालन के प्रति पशुपालको को जागरूक होना चाहिए और इसमें आधुनिक तकनीक का समावेश होना चाहिए ताकि पशु पालन लाभ का काम बन सके और गोवंश की रक्षा हो सके। अनुविभागीय अधिकारी पुलिस श्री विमलेश उइकेनें पशु क्रूरता एवं गौ संरक्षण अधिनियमों के प्रावधान पर प्रकाश डाला और पशुओं के प्रति क्रूरता से बचने का आग्रह किया। नगर परिषद अध्यक्ष डॉ सीमा तिवारी नें पशुओं की पॉलिथीन से होने वाली मृत्यु पर चिंता जताते हुवे पॉलीथिन के उपयोग को कम से कम करने और उसमे खाद्य पदार्थ रोड पर न फेकने का आग्रह किया डॉ सीमा तिवारी नें पशुपालको से आग्रह किया की अपने पशुओं को बांध कर घर पर चारा खिलाये ताकि उनकी उत्पादन क्षमता बड़े तथा उनको पॉलीथिन के दुष्प्रभावो से बचाया जा सके व किसी प्रकार की जन हानि से भी बचा जा सके। इस अवसर पर गौशाला अध्यक्ष श्री मंगेश संगाई नें अतिथियों का आभर व्यक्त किया व गौशाला के भावी विकास की योजना रखी। अतिथियों के हाथो श्री आनंद मानवता, श्री शैलेन्द्र जैन, बंटू सचदेवा, प्रेम कुशवाहा, गोपाल मोदी, आदि दानदाताओं का सम्मान किया गया तथा वृक्षरोपण किया गया। अंत में सभी नें गोरक्षा की शपथ ली। इस अवसर पर लायंस क्लब मनासा, रोटरी क्लब मनासा, नारायण सेवा संस्थान, भारत विकास परिषद, पर्यावरण मित्र संस्था के पदाधिकारी एवं सदस्य तथा गौ प्रेमी व पशु चिकित्सा विभाग का अमला उपस्थित था। कार्यक्रम का संचालन डॉ राजेश पाटीदार नें किया तथा कार्यक्रम का संयोजन श्री प्रद्युम्न मारु नें किया।

## उच्च श्रेणी एवं माध्यमिक शिक्षकों की वरिष्ठता सूची पर दावें आपत्ति 4 जुलाई तक प्रस्तुत करें

**मंदसौर, 30 जून गुरु एक्सप्रेस।** राज्य शिक्षा केंद्र भोपाल के निर्देशानुसार जिला परियोजना अधिकारी जिला शिक्षा केंद्र मंदसौर द्वारा बताया गया कि जिले में समग्र शिक्षा अभियान की गतिविधियों के संचालन हेतु ब्लॉक स्तर के विकासखंड अकादमिक समन्वयक एवं जनशिक्षा केंद्र स्तर के जनशिक्षकों के रिक्त पदों की कार्यवाही सम्पन्न की जाना है। रिक्त पदों की पूर्ति हेतु जिले द्वारा तैयार की गई उच्च क्षेणी एवं माध्यमिक शिक्षकों की वरिष्ठता सूची पर दावें आपत्तियां आमंत्रित की गई है। संबंधित दावा आपत्तिकर्ता बीआरसीसी एवं संकुल स्तर पर जिले द्वारा जारी वरिष्ठता सूची का अवलोकन कर 4 जुलाई 2024 तक जिला शिक्षा केंद्र मंदसौर में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। दावा आपत्ति के निराकरण उपरांत रिक्त पदों की पूर्ति हेतु काउंसलिंग की कार्यवाही की जावेगी।


## आवश्यकता है

दैनिक गुरु एक्सप्रेस की प्रिंटिंग यूनिट पर रात्रि के समय 11 से 3 बजे तक काम करने वाले युवक (हेल्पर) की आवश्यकता है। वेतन योग्यता अनुसार (मंदसौर निवासी ही सम्पर्क करें)

संपर्क

संपर्क समय- शाम 4 से 6 बजे तक

कार्यालय दैनिक गुरु एक्सप्रेस

9425105928. 8319964648


स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, प्रकाशक, मुद्रक आशुतोष नवाल के लिए गुरु मीडिया एण्ड इंटरटेनमेन्ट कम्पनी, शक्ति नगर मन्दसौर से मुद्रित एवं 77 लक्ष्मीनगर, वेदान्त विहार मन्दसौर से प्रकाशित। (हर प्रकार के विवाद का न्याय क्षेत्र मन्दसौर रहेगा) संपादक– आशुतोष नवाल RNI-MPHIN2006/20356
समाचार पत्र में छपे विज्ञापनों के लिए समाचार पत्र उत्तरादायी नहीं है एवं विज्ञापनो में प्रकाशित विचार विज्ञापनदाता की निजी राय है। इससे समाचार पत्र का कोई संबंध नहीं है।
फोन 495831, मो. 9425105927,28 ashugurumds@gmail.com, ashu_guru2@yahoo.co.in